Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

>

Title : Need to give status of telecome district to Bokaro in Jharkhand.

14.22 hrs.

-

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : झारखण्ड प्रदेश के अन्तर्गत बोकारो जिले में दूरसंचार के लगभग 45,000 (पैंतालिस हजार) कनेक्शन हैं, जिसमें 30,000 (तीस हजार) बेसिक एवं 15,000 (पन्द्रह हजार) मोबाइल फोन हैं। इसके साथ ही 15,000 (पन्द्रह हजार) मोबाइन प्रतिक्षा सूची में हैं और 5,000 (पांच हजार) बेसिक फोन प्रतिक्षा सूची में हैं जो कुल मिलाकर 65,000 (पैंसठ हजार) होता है। बोकारो जिले में 14 टेलिफोन एक्सचेंज भी होने के बावजूद यह जिला दूरसंचार का जिला नहीं बन पाया है, जबकि इससे छोटे जिले जैसे गुमला, देवघर, खगड़िया इत्यादि जिलों को दूरसंचार का जिला बना दिया गया है। र्वा 1985 से ही बोकारो दूरसंचार जिला बनने के सभी मापदंड पूरा करता है, जिसके कारण इस जिले के उपभोक्ता एवं कर्मचारी दोनों को धनबाद का चक्कर लगाना पड़ता है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि बोकारो जिले को दूरसंचार जिले का दर्जा जनहित में अविलम्ब दिया जाए।